प्रेस नोट

श्री सत्येन्द्रसिंह, उप महानिरीक्षक पुलिस एस.ओ.जी., राजस्थान जयपुर द्वारा पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं यातायात जोधपुर का वार्षिक निरीक्षण के दूसरे दिन आज दिनांक 29.03.2022 को यातायात शाखा आयुक्तालय जोधपुर का निरीक्षण श्री विनीत कुमार बंसल पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं यातायात जोधपुर की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान श्री चैनसिंह महेचा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात, श्री रविन्द्र बोथरा सहायक पुलिस आयुक्त यातायात पश्चिम, श्री नरेन्द्रकुमार सहायक पुलिस आयुक्त यातायात पूर्व, श्री गोरधनराम नि.पु., श्री गोविन्द व्यास नि.पु. , श्री शेषकरण नि.पु., श्री सुरेश पोटलिया नि.पु. व श्री नरपतसिंह उ.नि. उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम उप महानिरीक्षक पुलिस को यातायात नियन्त्रण कक्ष आयुक्तालय जोधपुर में तैनात आर.ए.सी. की आर्म्ड गार्ड व पुलिस लाईन बैण्ड द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। इसके बाद सम्पूर्ण यातायात नियन्त्रण कक्ष में स्थित यातायात कार्यालयों का भ्रमण कर साफ सफाई व रिकार्ड संधारण का निरीक्षण किया गया। यातायात पुलिस द्वारा उपयोग में लिये जा रहे आधुनिक संसाधनों व उपकरणों (ई–चालान डिवाईस, ब्रेथ एनालाईजर, बॉडीवार्न कैमरा, माउन्टेड बेरियर ब्लींकर, ब्लींकर लाईट, बेटन टॉर्च) की कार्यप्रणाली व यातायात पुलिस द्वारा किये जा रहे ई–चालान के तरीके की जानकारी ली गई। राजस्थान पुलिस प्राथमिकताएं वर्ष 2022 में यातायात पुलिस से सम्बन्धित मुख्य प्राथमिकता ''सुगम एवं सुरक्षित यातायात सुनिश्चित करना'' तथा पुलिस मुख्यालय द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात पुलिस द्वारा अब तक की गई कार्यवाही का सम्पूर्ण विश्लेषण किया गया। भविष्य में सड़क दुर्घटनाओं में रोकथाम व सुगम व सुरक्षित यातायात संचालन के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा निर्देश प्रदान किये गये।

ओर से
पुलिस उपायुक्त
मुख्यालय एवं यातायात,
जोधपुर

29 03 2022

29 03 2022

यातायात पुलिस, पुलिस आयुक्त
आपकी सुरक्षा, हमारा
Traffic Police Jodhpur
8764860423
0291-2650729
अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात
29 03 2022

29 03 2022